# समाचार

## भगवान शिव प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल महापौर

### (पूजा अर्चना कर की नगर के अमनचैन व आमजन की सुख समृद्धि की कामना)



कोरबा 22 जुलाई 2017 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज इंदिरा नगर जमनीपाली में आयोजित भगवान शिव जी की प्राण प्रतिष्ठा के समारोह में अपनी उपस्थिति देते हुए समारोह में सम्मिलित हुई, उन्होने भगवान शिव की पूजा अर्चना की तथा नगर के अमनचैन व आमनागरिकों की सुख समृद्धि की कामना ईश्वर से की।

श्रावण मास के परम पावन पर्व में इंदिरा नगर जमनीपाली के समस्त नागरिकबंधुओं द्वारा बस्ती में नवनिर्मित मंदिर में भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई है, इस हेतु 21 जुलाई को प्राण प्रतिष्ठा एवं कलश स्थापना का भव्य आयोजन श्रद्धालुओं द्वारा किया गया था। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इस सुंदर धार्मिक आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए प्राण प्रतिष्ठा व कलश स्थापना कार्यक्रम में शामिल हुई, उन्होने भगवान शिव जी की पूजा अर्चना की तथा नगर के सर्वांगीण विकास, अमनचैन व नगरवासियों की सुख समृद्धि की कामना भगवान भोलेनाथ से की। इस अवसर पर कुसुम द्विवेदी, सपना चौहान, चन्द्रकांत यादव, आचार्य गोकुल प्रसाद, सोनू महाराज, प्रभाकर महाराज, नटवरलाल जायसवाल, मनोज सिंह, धनीराम साहू, मनीराम साहू, आर.पी.सिंह, देवप्रसाद, आशीष अग्रवाल, दिनेश साहू, संतोष साहू, विनोद शुक्ला, विवेक शुक्ला, अश्वनी साहू, सुमन तिवारी, कमला शर्मा आदि के साथ काफी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।